झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — प्रथम सत्र

संख्या-02 — बुधवार, दिनांक-07 जनवरी, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्या० तक

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण:-

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमति के पश्चात् नवनिर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ/प्रतिज्ञान हेतु बारी-बारी से सभा सचिव द्वारा नाम पुकारा गया तदनुसार निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शपथ/प्रतिज्ञान लिया-

क्रम संख्या	क्षेत्र संख्या	क्षेत्र का नाम	माननीय सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान की भाषा
1.	50	ईचागढ़	श्री साधु चरण महतो	हिन्दी
2.	71	कोलेबिरा	श्री एनोस एक्का	हिन्दी
3.	79	हुसैनाबाद	श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता	हिन्दी

(माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव ने केन्द्र सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी लाये गये अध्यादेश को उद्योगपतियों के हक में बताते हुए झारखण्ड के लिए अहितकर अध्यादेश बताया। इसपर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने हेतु उन्होंने आग्रह किया। आसन द्वारा इस अवसर पर सूचना का दिया जाना नियम विरूद्ध बताते हुए दिनांक-08.01.2015 को सदन में माननीय राज्यपाल महोदय के सम्बोधन के उपरांत ही इस प्रकार के विषयों को उठाये जाने का सुझाव दिया गया।)

2. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण(क्रमांक-1से जारी):-

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय की अनुमति के उपरांत सभा सचिव द्वारा पुकारे जाने पर नवनिर्वाचित माननीय सदस्य, श्री ढुलू महतो, बाघमारा (43) द्वारा हिन्दी में शपथ लिया गया।

3. अध्यक्ष का निर्वाचन:-

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा झारखण्ड विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 8(1) के तहत अध्यक्ष, झारखण्ड विधान-सभा के निर्वाचन सम्बन्धी प्राप्त निम्न पाँच सूचनाओं से सदन को अवगत कराया गया-

क्रम संख्या	प्रस्तावक सदस्य	अनुमोदनकर्त्ता	प्रस्ताव
01.	श्री रघुवर दास	श्रीमती लोईस मराण्डी	श्री दिनेश उरांव, स०वि०स०, विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायँ।
02.	श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह	श्री अनन्त कुमार ओझा	श्री दिनेश उरांव, स०वि०स०, विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायँ।

(कृ० पृ० उ०)

03.	**श्री हेमन्त सोरेन**	**श्री नलिन सोरेन**	श्री दिनेश उरांव, स०वि०स०, विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायँ।
04.	श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी	डॉ० नीरा यादव	श्री दिनेश उरांव, स०वि०स०, विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायँ।
05.	श्री आलमगीर आलम	**श्री प्रदीप यादव**	श्री दिनेश उरांव, स०वि०स०, विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायँ।

उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से ध्वनिमत द्वारा स्वीकृत हुआ। इसके उपरांत माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय श्री दिनेश उरांव, स०वि०स० के सर्वसम्मति से विधान सभा अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी गयी तत्पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास एवं प्रतिपक्ष के नेता, माननीय श्री हेमन्त सोरेन से उन्होंने आग्रह किया कि वे नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष को सादर आसन तक ले आयें।

(इस अवसर पर नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष महोदय को आदरपूर्वक ससम्मान आसन ग्रहण कराया गया।)

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, माननीय मंत्री, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, श्रीमती लोईस मराण्डी, माननीय सदस्या, श्रीमती गीता कोड़ा, माननीय सदस्य, सर्वश्री भानु प्रताप शाही, रामचन्द्र चन्द्रवंशी, अरूप चटर्जी, एनोस एक्का, राज कुमार यादव, राधा कृष्ण किशोर एवं माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी द्वारा नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष को हार्दिक बधाई के साथ शुभकामनाएँ दी गयीं।

4.माननीय अध्यक्ष का उद्‌गार:-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा मशहूर गीतकार गुलजार की निम्न पंक्तियों-

"सिर्फ एहसास है ये रूह से महसूस करो।
प्यार को प्यार ही रहने दो इसे नाम न दो।"

के साथ अपना उद्‌गार व्यक्त करते हुए सदन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाये रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सदन के संचालन में सभी माननीय सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की गयी। उन्होंने अनुभवी माननीय सदस्यों से पथ प्रदर्शक होने की भी अपेक्षा की। अंतत: माननीय सदस्यों तथा सभी झारखण्डवासियों की खुशहाली तथा समृद्धि की कामना करते हुए सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक- 08.01.2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 07 जनवरी, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।